जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक / जीविवि / परीक्षा–2 / गोप. / 2024 / 471 दिनांक 16/4/2024

/ / सूचना / /

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध शासकीय, अनुदानित एवं अशासकीय महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि परीक्षाऐं समाप्त होने के पश्चात् विश्वविद्यालय भेजे जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओ के बण्डल सही तरीके से नही भेजे जाते है, एवं बण्डलों पर अपूर्ण तथा त्रुटिपूर्ण जानकारी अंकित होने के कारण उत्तरपुस्तिकाओं के बंण्डलो को पहचान करने मे भ्रम होता है, एवं सम्बंधित छात्र / छात्राओ का परीक्षा परिणाम समय पर घोषित नही हो पाता है।

अतः समस्त केन्द्राध्यक्ष को सूचित किया जाता है कि स्ट्राँगरूम द्वारा जारी निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार बण्डल भेजे जावे।

विश्वविद्यालयीन परीक्षाये वर्ष ....

1. कक्षा का नाम .... **कोड क्रमांक ....**
2. विषय एवं प्रश्न–पत्र का नाम ....
3. दिनांक ....
4. परीक्षा केन्द्र का नाम .....
5. उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या ...
6. UFM उत्तरपुस्तिकाओं का विवरण ....
7. परीक्षा पाली समय सुबह ...... या दोपहर .....

कृपया बण्डलो पर ध्यान देने योग्य बिन्दु आने वाली परीक्षा मार्च / जून / दिसम्बर

1. **कला संकाय** पर लाल स्याही (स्केच) का प्रयोग किया जावे।
2. **विज्ञान संकाय** पर नीला स्याही (स्केच) का प्रयोग किया जावे।
3. **वाणिज्य संकाय** पर हरी स्याही (स्केच) का प्रयोग किया जावे।

1. केन्द्राध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय का नाम स्केच द्वारा एवं सील केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर नाम सहित सुस्पष्ट भाषा मे होवे, तथा **(नियमित–एटीकेटी / पूरक / भूतपूर्व), (असंस्थागत–एटीकेटी / पूरक / भूतपूर्व) छात्र / छात्राओं** की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल अलग–अलग से बनाकर न भेजें बल्कि एक बण्डल में टेग कर (डॉकेट सहित) भेजी जावे।
2. यदि किसी विषय एवं प्रश्न–पत्र में कोई छात्र / छात्रा उपस्थित नही (निल) हैं तो निल की जानकारी भी डॉकेट सहित भेजी जाये।
3. नई एज्युकेशन पॉलिसी के तहत जो छात्र / छात्राऐं परीक्षा दे रहे के बण्डलों की जानकारी भी स्पष्ट रूप अंकित कर भेजी जावे विशेष कर Major/Minor/OpneElective/Vocational जैसे विषयों की। कई बार देखा

गया है कि छात्र/छात्राऐं अपना विषय परिवर्तन बीच परीक्षा में ही करा लेते हैं, जिसके कारण छात्रों का अनाआवश्यक रूप से परिणाम रूक जाता है।

4. साथ ही केन्द्राध्यक्ष को यह भी सूचित किया जाता है कि जो परीक्षा दो या तीन पालियो में संचालित होती है जिनके बण्डल अलग–अलग समन्वयक के पास जमा रहते हैं जिन्हें किसी एक ही समन्वयक के पास एकत्रित करें ताकि विश्वविद्यालय वाहन आने पर समय सीमा में प्रेषित की जा सकें।

5. उपरोक्त बिन्दुओ को ध्यान मे रखकर आने वाली परीक्षाओं में विश्वविद्यालय को सहयोग अपेक्षित है। ताकि छात्र/छात्राओ के परीक्षा परिणाम समय पर घोषित करने मे किसी तरह से परेशानी का सामना न करना पड़े।

11 am 16/4/24

परीक्षा नियत्रंक

नोटः– उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल भेजने सम्बंध में परीक्षा भवन (स्ट्रॉगरूम) में कार्यरत श्री अर्जुनराम भगत से दूरभाष क्रमांक 8962702904 से सम्पर्क करें।

प्रति,

प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा/उप–कुलसचिव(गोपनीय)

o/c